Printed from
नवभारत टाइम्स
Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

पुश्ते पर दो लेन का गिफ्ट

29 Dec 2010, 0400 hrs IST

विनोद शर्मा ॥ नोएडा

ओखला बैराज से लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे को लिंक करने वाले यमुना पुश्ते को दो लेन करने का काम शुरू कर दिया गया है। फिलहाल ओखला बैराज के पास से एक सड़क सेक्टर 94 अंतिम निवास के सामने से होती हुई एमिटी विश्वविद्यालय के मेन गेट पास से निकलती है। इस पर सुबह से लेकर शाम तक जाम लगा रहता है। एक्सप्रेस वे के दोनों किनारों पर सर्विस रोड होने के कारण यमुना पुश्ते और एक्सप्रेस-वे के बीच में बसे सभी सेक्टरों के ट्रांसपोर्ट का प्रेशर भी इसी रोड पर आ जाता है। इस पुश्ते के बन जाने के बाद कुलेसरा या फेज टू से आने वाले वीइकल सेक्टर 82 का फ्लाईओवर पार कर सीधे इस पुश्ते पर पहुंच सकेंगे। एक तरीके से यह यमुना पुश्ता एक्सप्रेस-वे के इर्द-गिर्द बने सर्विस रोड के ट्रैफिक प्रेशर को कम करेगा।

फायदे में रहेंगे ये गांव

यमुना पुश्ते के किनारे बसे गांव गढ़ी समसपुर, कोंडली, बादौली, कामबख्स पुर, झट्टा, गुलावली, अकूदपुर, याकूबपुर, मंगरौली, छपरौली, बाजीदपुर, नंगली, असगरपुर, बख्तावरपुर, रायपुर व मोहियापुर आदि के एक तरफ एक्सप्रेस वे है और दूसरी तरफ होगी यमुना पुश्ते की दो लेन की सड़क। इस साल कॉमनवेल्थ गेम के दौरान जब एक्सप्रेस वे से ट्रैफिक की आवाजाही बंद थी तब इन गांवों तक पहुंचना बहुत कठिन हो गया था।

यमुना की बाढ़ लाई दो लेन

यमुना नदी के पुश्ते को मजबूत करने का प्रस्ताव तो कई साल से पेंडिंग पड़ा था। सिंचाई विभाग वाले नोएडा अथॉरिटी के अफसरों को बार-बार इस पुश्ते के लिए पैसा मुहैया कराने की कहते थे। हर मीटिंग में यह मुद्दा उठता था। इस बार यमुना ने पिछले कई दशक के रेकॉर्ड तोड़ दिए। यमुना की बाढ़ से ग्रेटर नोएडा की गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी तक की मेन बिल्डिंग में पानी घुस गया। इस दौरान सिंचाई विभाग ने फिर से पुश्ते को मजबूत करने की डिमांड उठाई। अब जाकर अथॉरिटी इस मुद्दे पर राजी हुई है। इस दौरान नोएडा अथॉरिटी ने यमुना पुश्ते के पास लगभग 60 से ज्यादा फार्महाउस आवंटित कर दिए हैं। इन सभी ने यमुना के पुश्ते से फार्महाउस तक पहुंच बनाने का प्रेशर बनाया है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुश्ते की सड़क को एक लेन की बजाय दो लेन का किया जा रहा है।

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें।
इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

देश-दुनिया की खबरें विडियो में। देखने के लिए क्लिक करें।

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap
Copyright © 2010 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service
This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768